CMYK

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 115 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 11 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## भजनलाल ,मदन और वसुंधरा की बैठक से अंता की सियासत गरमाई, टिकट पर टकराव बरकरार

### गोपालपुरा पुलिया स्थित आवास से मिली रिश्वत की रकम

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान की सियासत में शुक्रवार को हाड़ौती से लेकर जयपुर तक हलचल रही। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की अचानक हुई मुलाकात ने अंता उपचुनाव की राजनीतिक तापमान को और बढ़ा दिया।

करीब डेढ़ घंटे तक चली इस सियासी मंत्रणा में न केवल अंता सीट पर प्रत्याशी चयन को लेकर चर्चा हुई, बल्कि संगठन की अंदरूनी रणनीति पर भी मंथन हुआ।

बैठक का सबसे अहम पहलू यह रहा कि वसुंधरा राजे की राय इस चुनाव में निर्णायक मानी जा रही है।

### मुख्यमंत्री निकले, प्रदेशाध्यक्ष रुके

राजे के आवास पर हुई बैठक में पहले तीनों नेताओं ने साथ में चर्चा की। एक घंटे बाद सीएम भजनलाल शर्मा रवाना हो गए, जबकि प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ यहीं रुके रहे। सूत्र बताते हैं कि इसके बाद राठौड़ और राजे के बीच करीब आधे घंटे की एकांत वार्ता हुई, जिससे यह संकेत मिला कि टिकट के मसले पर अंतिम राय अब वसुंधरा की ही होगी।



### राठौड़ बोले टिकट सर्वे और समन्वय से तय होगा

मुलाकात के बाद प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मीडिया से कहा, हम टिकट सर्वे और सामंजस्य के आधार पर तय करेंगे। वसुंधरा जी हमारी वरिष्ठ नेता हैं, टिकट में उनकी भावना और सुझाव का सम्मान रहेगा।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, टिकट को लेकर अब भी रायफेर जारी है, और राजे का झुकाव कंवरलाल मीणा परिवार की ओर है।

### हाड़ौती की सियासत में फिर वसुंधरा की पकड़

अंता विधानसभा सीट, वसुंधरा राजे के बेटे दुष्यंत सिंह के लोकसभा क्षेत्र झालावाड़ बारा में आती है। ऐसे में इस उपचुनाव को राजे की साख से जोड़कर देखा जा रहा है।

बीजेपी फिलहाल प्रत्याशी की घोषणा से बच रही है क्योंकि पार्टी चाहती है कि राजे की सहमति के बाद ही नाम तय हो।

### प्रभुलाल सैनी पर सहमति नहीं बनी

सूत्रों के अनुसार, जातिगत समीकरण के लिहाज से पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी सबसे सशक्त दावेदार माने जा रहे हैं, लेकिन राजे फिलहाल उनके नाम पर सहमत नहीं हैं।

राजे की राय के बिना अंता का टिकट तय होना मुश्किल दिख रहा है, और यही वजह है कि बीजेपी की रणनीति अब पूरी तरह वसुंधरा फैक्टर पर केंद्रित हो गई है।

## किराए के विवाद पर ठेला संचालक को मारा चाकू , गंभीर घायल



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

बागौर बस स्टैंड पर शुक्रवार सुबह किराए को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब एक व्यक्ति ने पोहा ठेला संचालक पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में दिव्यांग ठेला संचालक रामप्रसाद माली गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ठेला लगाने की जगह के किराए को लेकर दुकान मालिक लादूलाल शर्मा और रामप्रसाद माली के बीच पिछले कुछ समय से तनातनी चल रही थी। शुक्रवार को कहासुनी बढ़ने पर लादूलाल ने गुस्से में आकर रामप्रसाद पर चाकू से वार कर दिया। अचानक हुई वारदात से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागौर पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।

सूचना पर थानाधिकारी भंवरलाल नेमौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी लादूलाल शर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।

थानाधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घटना का कारण किराए को लेकर पुराना विवाद सामने आया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## अमरा बंजारा हत्याकांड का 24 घंटे में खुलासा , तीन आरोपी गिरफ्तार, कर्ज के विवाद में रची थी साजिश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

गंगापुर-रायपुर रोड पर गुरुवार को बरामद हुए 54 वर्षीय अमरा बंजारा की हत्या का पुलिस ने 24 घंटे में पर्दाफाश कर दिया। जानकारी में सामने आया है की हत्या कर्ज विवाद के चलते की गई । पुलिस ने मामले में रोशन बंजारा पुत्र कालू बंजारा, निवासी रायपुर रोड, गंगापुर , प्रेम देवी बंजारा पत्नी रोशन बंजारा, निवासी रायपुर रोड, गंगापुर , संतोष बंजारा पुत्र गोपाल बंजारा, निवासी चतरपुरा, रायपुर को गिरफ्तार किया है ।वही एक अन्य से पूछताछ जारी है । जांच में सामने आया कि मृतक अमरा राम उर्फ अमरचंद बंजारा पुत्र गोरू बंजारा (54), निवासी चतरपुरा थाना रायपुर, ब्याज पर रुपए उधार देने का कार्य करता था। चार



वर्ष पूर्व उसने आरोपी रोशन बंजारा को एक लाख रुपये उधार दिए थे, जो ब्याज सहित सात-आठ लाख रुपये तक पहुंच गए थे। लगातार वसूली के दबाव से परेशान होकर रोशन ने पत्नी और साथी के साथ मिलकर उसकी हत्या की योजना बनाई। 8 अक्टूबर को अमरा वसूली के लिए रोशन की होटल पर पहुंचा। उसी रात रोशन ने उसे बहाने से कमरे में रुकवाया और नींद में धारदार हथियार से सिर व चेहरे पर वार कर हत्या कर दी। बाद में पत्नी और दोस्त की मदद से शव को स्पिन फैड मिल के पास, गंगापुर-रायपुर रोड किनारे फेंक दिया। अगले दिन शव मिलने पर इलाके में सनसनी फैल गई थी। हत्या के बाद आरोपी इतना चतुराई से व्यवहार करते रहे कि अगले दिन तक मृतक के परिजनों के साथ खोजबीन में शामिल रहे।

पुलिस ने बताया की जांच के दौरान मृतक के मोबाइल की अंतिम लोकेशन मेहता पेट्रोल पंप, रायपुर रोड पर मिली, जहां उसे आखिरी बार उसके रिश्तेदार रोशन बंजारा के साथ देखा गया था। संदेह के आधार पर रोशन से पूछताछ की गई, जिसमें उसने पत्नी प्रेम देवी और दोस्त संतोष बंजारा के साथ मिलकर हत्या करना कबूल किया।

पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या, साक्ष्य मिटाने और गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है।

कार्रवाई में थानाधिकारी लीलाधर मालवीय, कैलाश चंद, नारायणलाल, साइबर सेल के आशीष मिश्रा, जवान ताराचंद, रवि कुमार, सुरेश कुमार, सुभाष, मुकेश कुमार, अनिल कुमार, रामदेव, बनवारीलाल, राधेश्याम, जितेन्द्र सिंह, और ओम सिंह शामिल रहे।

## प्रदेश के सभी कलेक्टर्स और एसपी का तीन दिवसीय सम्मेलन 13 अक्टूबर से

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

**डॉ. चेतन ठठेरा।** राजस्थान के सभी जिला कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों का तीन दिवसीय कुंभ सम्मेलन 13 अक्टूबर से जयपुर स्थित ओटीएस में आयोजित होगा। इस सम्मेलन में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन, ग्रामीण और शहरी सेवा शिविरों की प्रगति, बजट स्थिति और कानूनी व्यवस्थाओं पर मंथन किया जाएगा।

सम्मेलन के दौरान प्रत्येक कलेक्टर और एसपी द्वारा किए गए नवाचारों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी और उनके परफॉर्मेंस का मूल्यांकन किया जाएगा। भाजपा सत्ता में आने के बाद यह पहली बार है जब तीन दिवसीय कलेक्टर्स-एसपी सम्मेलन आयोजित हो रहा है।

सूत्रों के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सम्मेलन का शुभारंभ



कर सकते हैं और कलेक्टर्स एवं एसपी के साथ संवाद भी कर सकते हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और राजस्थान सरकार के सभी मंत्री भी सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे। अमित शाह एक वर्ष पूरे होने पर लागू किए गए तीन आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी और गुजरात फॉरेंसिक यूनिवर्सिटी, जयपुर कैंपस का उद्घाटन भी कर सकते हैं।

## 78 लाख के गबन का खुलासा: 10 साल से फरार सचिव और सरपंच गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

पुलिस ने करीब 10 साल पुराने 78 लाख रुपये के सरकारी धन के गबन के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व ग्राम सेवक व तत्कालीन सचिव और सरपंच को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित था। थानाधिकारी सुरेशचंद ने बताया की वर्ष 2016 में पंचायत समिति शाहपुरा के अधिकारी गणेश नारायण शर्मा ने ग्राम पंचायत फुलिया खुर्द में वर्ष 2010 से 2015 के बीच में सरकारी राशि के गबन का मामला दर्ज कराया था । जिसमे बताया गया कि पंचायत में 83.98 लाख रुपये की सरकारी राशि जमा हुई और 78.60 लाख रुपये बैंक खातों से निकाली गई, लेकिन उसका कोई लेखा-जोखा पंचायत रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं था। जांच कमेटी ने पाया कि तत्कालीन ग्राम सेवक एवं सचिव श्यामलाल जाट और सरपंच गणपत लाल खटीक ने सरकारी राशि का गबन किया । तब से दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस को सूचना मिली कि मुख्य आरोपी श्यामलाल जाट पुत्र छीतरमल जाट (59) निवासी जाटों का मोहल्ला, माण्डल (वर्तमान में ग्राम पंचायत बन का खेड़ा, कोटड़ी में पदस्थ) क्षेत्र में आया हुआ है। टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे कोटड़ी के पास से गिरफ्तार किया। इसके बाद आरोपी गणपत लाल खटीक पुत्र मागीलाल खटीक (46) निवासी कल्याणपुरा ढिकोला, तत्कालीन सरपंच फुलिया खुर्द को भी ढिकोला के पास से हिरासत में लिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ शुरू करते हुए अनुसंधान शुरू किया है ।



## मेला देखने गया युवक झाड़ियों में खून से लथपथ मिला

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**

शंभूगढ़ थाना क्षेत्र में मेला देखने गया युवक शुक्रवार सुबह झाड़ियों में गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। उसके शरीर पर कई जगह चोटों के निशान थे, जबकि मोबाइल, नकदी और कान की एक बाली गायब मिली। पुलिस को आशंका है कि युवक पर अज्ञात हमलावरों ने हमला कर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया है। घायल युवक का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। गजसिंहपुरा निवासी खेमराज पुत्र भंवरलाल रैगर ने बताया कि उसका भाई हीरालाल (25) गुरुवार रात शंभूगढ़ में आयोजित मेले में गया था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। शुक्रवार सुबह एक ग्रामीण ने बालापुरा स्थित पंप के पास झाड़ियों में लहूलुहान हालत में पड़े युवक को देखा और सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे तो पाया कि हीरालाल के शरीर पर कई जगह गहरे घाव थे। उसके पास से मोबाइल फोन, करीब एक हजार रुपए नकद और कान की एक बाली भी गायब थी। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक उसका उपचार कर रहे हैं। खेमराज ने पुलिस को दी रिपोर्ट में आशंका जताई कि अज्ञात बदमाशों ने उसके भाई पर जानलेवा हमला कर लूटपाट की और फिर उसे झाड़ियों में फेंककर भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

# एनएसयूआई का प्रदर्शनः जिला कलेक्टर कार्यालय पर दिया ज्ञापन, सीएम का पुतला फूंका

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

(पंकज पोरवाल) एनएसयूआई ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भावेश कुमार पुरोहित के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंककर नाराजगी जताई और कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एनएसयूआई ने राजस्थान विश्वविद्यालय में हाल ही में आयोजित शस्त्र पूजन और राजनीतिक गतिविधियों के खिलाफ अपनी आपत्ति जताई तथा प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ और अन्य गिरफ्तार कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग की। पुरोहित ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर को शिक्षा का केंद्र माना जाता है, लेकिन शस्त्र पूजन और कट्टरपंथी





गतिविधियों ने शैक्षणिक माहौल को बाधित किया। प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किए गए पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व प्रदेश कार्यकर्ता विनोद जाखड़, किशोर चौधरी, महेश कुमार, मनीष, रामसिद्ध, विकास, साहिल, अवक्षय और राजेश कुमार नैगी के मामले ने घटनाक्रम को और संवेदनशील बना दिया। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि गिरफ्तार कार्यकर्ताओं को शीघ्र रिहा नहीं किया गया तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा प्रदर्शन में कांग्रेस शहर महासचिव निसार सिलावट, प्रेम चावला, दयाशंकर खटीक, अतुल, अमन खटीक, किशन खटीक, रणजीत, प्रकाश, उमेश, अनिल, पप्पू खटीक, राजु, राजेन्द्र, सिद्धार्थ, नारायण, अक्षीत पुरोहित, अंकित टेलर सहित सैकड़ों एनएसयूआई कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बागोर पुलिस की कार्रवाईः अवैध बजरी से भरा डंपर पकड़ा, दो गिरफ्तार




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत बागोर थाना पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक डंपर अवैध बजरी से भरा हुआ जब्त किया। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी भंवरलाल ने बताया कि पुलिस टीम ने चांदरस सरहद क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए डंपर को पकड़ा, जो अवैध रूप से बजरी का परिवहन कर रहा था। वाहन को जब्त कर गोपाल सिंह पुत्र नोज सिंह रावत (25), निवासी देवगढ़, राजसमंद, और पवन कुमार पुत्र सुरेश कुमार रेगर (19), निवासी देवगढ़, राजसमंद को गिरफ्तार किया है।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।

# घुमंतू छात्रावास में कल होगा वार्षिकोत्सव अरुणोदय

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

गुरु श्री कानिफनाथ घुमंतू छात्रावास, अंबेडकर नगर में रविवार को वार्षिकोत्सव अरुणोदय का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम घुमंतू बच्चों की सांस्कृतिक, रचनात्मक और बौद्धिक प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मंच साबित होगा।

छात्रावास समिति ने बताया कि समारोह का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और




सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है। आयोजन स्वामी अच्युतानंद के सानिध्य में होगा। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हनुमान सिंह होंगे। मुख्य अतिथि समाजसेवी बनवारी लाल मुरारका और पूर्व सांसद-संघर्षशील उद्योगपति सुभाष चंद्र बहेड़िया रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू, जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव, राष्ट्रीय संगठन मंत्री माहेश्वरी सभा ममता मोदानी समेत कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। छात्रावास वर्तमान में 27 बच्चों को शिक्षा, संस्कार और अनुशासन के साथ विकसित कर रहा है।

## खाद्य सुरक्षा अभियानः 1500 किलो मावा नष्ट, 200 किलो लाल मिर्ची सीज



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए राजस्थान सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग ने जिले में शुद्ध आहार और मिलावट पर वार अभियान चलाया है । अभियान के तहत मिठाई और मसाले की दुकानों पर छापे मारकर 1500 किलो खराब मावा नष्ट किया गया और 200 किलो लाल मिर्च पाउडर सीज किया गया।

मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि जयपुर से आए केंद्रीय दल ने जिले में कुल 10 खाद्य नमूने लिए। स्वीट कॉर्नर, सीताराम मसाला, चारभुजा मिष्ठान भंडार और अन्य दुकानों से नमूने लिए गए। मैसर्स भोजा फूड प्रोडक्ट, भाग्यलक्ष्मी मावा भंडार और चारभुजा मावा भंडार से मावा नष्ट किया गया।शर्मा ने बताया कि चारभुजा मावा भंडार, राम विहार सुखाड़िया सर्किल का खाद्य अनुज्ञा पत्र नहीं पाया गया। विभाग द्वारा इस संबंध में जांच की जा रही है ।

# एक साल, अनुभव और सवालः बिजोलिया में जनता की आज होगी सीधी बात

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

( मानव तिवाड़ी ) नगर पालिका के एक साल पूरे होने पर शनिवार शाम 7 बजे नगर पालिका चौक पर भीलवाड़ा फोकस द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम बीते वर्ष की उपलब्धियों और जनता द्वारा झेली गई समस्याओं को सीधे मंच से सामने लाने का अवसर होगा।

कार्यक्रम में नगर पालिका / पूर्व पंचायत के जनप्रतिनिधि और आम नागरिक एक मंच पर आएंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे। जनता के सवालों का जवाब सीधे तौर पर लिया जाएगा। भाजपा, कांग्रेस सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में नगर पालिका के कामकाज का मूल्यांकन किया जाएगा, जनता द्वारा अनुभव की गई सुविधाओं और परेशानियों को उजागर किया जाएगा और भविष्य में सुधार के लिए सुझाव लिए जाएंगे। भीलवाड़ा फोकस ने नागरिकों, व्यापारी, समाजसेवी और प्रबुद्ध वर्ग से अपील की है कि वे




अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस संवाद को सार्थक बनाएं और बिजोलिया की आवाज़ मंच से उठे।

## जहरीले जीव के काटने से किसान की मौत

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। बड़लियास थाना क्षेत्र में खेत पर गए एक किसान की जहरीले जीव के काटने से मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। दीवान बजरंग लाल सेन ने बताया कि बड़लियास निवासी छोटू पुत्र मौती कीर 42 वर्ष गुरुवार शाम खेत पर गया था। देर रात परिजनों को वह खेत में अचेत अवस्था में पड़ा मिला। परिजनों द्वारा अस्पताल ले जाते समय किसान की हालात बिगड़ गई । अस्पताल पहुंचने पर , डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को बड़लियास थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया।पुलिस मामले की जाँच में जुटी है ।

# भरनी और बागुदार में आयोजित हुए ग्रामीण सेवा शिविर, नागरिकों को दिए विभिन्न सरकारी लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।

( गजानंद जोशी) क्षेत्र की भरनी ग्राम पंचायत में शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक गोपीचंद मीणा और प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा ने किया। ग्रामीणों ने दोनों का भव्य स्वागत किया।

शिविर में जरूरतमंद ग्रामीणों को आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, जॉब कार्ड सहित अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ प्रदान किया गया। संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। वही विधायक मीणा द्वारा बागुदार में भी ग्रामीण सेवा शिविर का उद्घाटन किया गया। बागुदार के ग्रामीणों ने बनास नदी से आने वाले पेयजल संकट की समस्या बताई, जिस पर विधायक ने नई पाइपलाइन के माध्यम से जल आपूर्ति का आश्वासन दिया। प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा ने ग्राम पंचायत के विभिन्न कार्यों की स्वीकृति प्रदान की। शिविर में एसडीएम राजकेश मीणा, तहसीलदार, पंडेर नायब



तहसीलदार, पटवारी, गिरदावर, सचिव, ग्राम प्रशासक, वार्ड पंच और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चाकूबाजी से घायल हुए युवक से माली महासभा ने की मुलाकात



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले के बागौर निवासी रामप्रसाद माली पर पोहा ठेला लगाने के दौरान हुए चाकू से हमले के बाद माली समाज और स्थानीय लोगों में भारी रोष है। घायल रामप्रसाद माली को गंभीर स्थिति में महात्मा गांधी हॉस्पिटल भीलवाड़ा रेफर किया गया है। राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए पुलिस से आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। महासभा के नेताओं ने अस्पताल जाकर घायल की स्थिति का जायजा लिया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया ।



QUICK BITES

# टीबी रोगियों के लिए निक्षय पोषण कार्यक्रम आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



**(मूलचन्द पेसवानी)।** जिला चिकित्सालय में शुक्रवार को भारत विकास परिषद शाखा की ओर से निक्षय पोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टीबी रोगियों को गुड़ और भूंगड़ा वितरित कर पोषण के महत्व पर जागरूक किया गया। शाखा अध्यक्ष पवन कुमार बांगड़ ने बताया कि पोषणयुक्त आहार से रोगियों की रिकवरी तेज होती है। पीएमओ डॉ. अशोक कुमार जैन ने कहा कि टीबी के उपचार में नियमितता, स्वच्छता और संतुलित आहार अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम में कैलाश गोठवाल, सत्यनारायण सेन, पदम बाकलीवाल, अशोक चौधरी और उत्सव सोमानी सहित परिषद के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने किया करवा चौथ व्रत

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला



**( बद्री माली)।** नेशनल हाईवे 758 स्थित गुरला में महिलाओं ने शुक्रवार को उल्लास के साथ करवा चौथ का व्रत रखा। पूरे दिन निर्जला रहकर सोलह श्रृंगार में सजी महिलाएं रात में चांद का दीदार कर व्रत खोलती हुई दिखाई दीं। करवा चौथ का यह व्रत पति के स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए किया जाता है। गांव में सोलह श्रृंगार से सजी महिलाओं का दृश्य उत्साह और पारंपरिक भावनाओं से भरा रहा।

## भाविप का तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर कल से

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

भारत विकास परिषद शाखा मांडलगढ़ के तत्वावधान में 12 से 14 अक्टूबर तक भक्त निवास में तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में डॉ. राजेंद्र लखारा और टीम द्वारा शारीरिक स्वास्थ्य, हार्ट, जोड़ों के दर्द, थायराइड, विटामिन, कोलेस्ट्रॉल, शुगर सहित अन्य जांच की जाएगी।

शिविर सुबह 7 बजे से 11 बजे तक चलेगा और प्रशिक्षित चिकित्सक जांच के बाद रोगियों को उपचार एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# भीलवाड़ा ने राज्य स्तरीय विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दिखाया दम

## तीन वर्गों में जीते पदक, शाहपुरा में खिलाड़ियों का भव्य स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(मूलचन्द पेसवानी)।** शिक्षा विभाग की 69वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन वर्गों में पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया।

ओसियां (जोधपुर) में आयोजित 14 वर्ष छात्र वर्ग में विजेता, 14 वर्ष छात्रा वर्ग में उपविजेता, तथा बांदीकुई (दौसा) में हुई 17 वर्ष छात्रा वर्ग में उपविजेता रही।

इन खिलाड़ियों का यंग स्पोर्ट्स क्लब शाहपुरा में भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। क्लब अध्यक्ष रामप्रसाद कुम्हार ने बताया कि क्लब के 20 से अधिक खिलाड़ियों ने जिले का प्रतिनिधित्व किया।



कोच नरेशपाल धाभाई ने इस सफलता का श्रेय खिलाड़ियों की मेहनत और टीम भावना को दिया।

कार्यक्रम में क्लब सचिव राजेंद्र सिंह धाभाई, संरक्षक अनिल चौधरी, राधेश्याम बहेड़िया, संजय डांगी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

कार्यक्रम के अंत में क्लब ने संकल्प लिया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का प्रयास जारी रहेगा।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय जैन ने किया उपकारागार शाहपुरा का निरीक्षण

## बंदियों से की बातचीत, दी निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी-स्वच्छता व मानवाधिकारों पर दिया विशेष जोर

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(मूलचन्द पेसवानी)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय जैन ने शुक्रवार को उपकारागार शाहपुरा का औचक निरीक्षण कर जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की दिनचर्या, भोजन, पानी और स्वच्छता की स्थिति का विस्तार से निरीक्षण किया।

न्यायाधीश जैन ने कहा कि कारागार केवल दंड का स्थान नहीं, बल्कि सुधार का केंद्र होना चाहिए। उन्होंने बंदियों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं की जानकारी ली और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी प्रदान की।



उन्होंने जेल अधीक्षक प्रहलाद गुर्जर को निर्देश दिए कि बंदियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और मानवाधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही, बंदियों को पढ़ाई और पुस्तकालय गतिविधियों से जोड़ने पर जोर दिया। जेल अधीक्षक ने बताया कि बंदियों के लिए स्वास्थ्य शिविर, योग सत्र और परामर्श कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। निरीक्षण के अंत में न्यायाधीश जैन ने जेल प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि न्याय व्यवस्था का उद्देश्य केवल सजा देना नहीं, बल्कि सुधार और समाज में पुनःस्थापना का अवसर देना भी है।

# महाप्रभु स्वामी रामचरण कन्या विद्यापीठ में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

## अणुव्रत सेवा समिति के तत्वावधान में 50 छात्राओं ने दिखाई सृजनात्मक प्रतिभा

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(मूलचन्द पेसवानी)।** महाप्रभु स्वामी रामचरण कन्या विद्यापीठ, शाहपुरा में शुक्रवार को अणुव्रत सेवा समिति के तत्वावधान में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 50 से अधिक छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, नारी सशक्तिकरण, नशा मुक्ति, जल संरक्षण और अणुव्रत के सिद्धांतों जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित की।



कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश कुमावत ने की। परिणामों में अंजलि सैनी प्रथम, कोमल धोबी द्वितीय और अर्पिता कुमावत तृतीय रहीं। डॉ. कुमावत ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं में सृजनात्मकता और सामाजिक चेतना दोनों को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन सरिता छीपा, रेहाना परवीन, पूर्णा पारीक एवं ओमप्रकाश वर्मा ने किया। अंत में पूर्णा पारीक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए शाहपुरा की टीम रवाना

## राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी आदर्श विद्या मंदिर की छात्राएँ

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(मूलचन्द पेसवानी)।** विद्या भारती द्वारा आयोजित अखिल भारतीय स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय, कोठार मोहल्ला, शाहपुरा की छात्रा वर्ग टीम शुक्रवार को श्रीधाम मध्यप्रदेश के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता 11 से 14 अक्टूबर तक आयोजित होगी, जिसमें टीम राजस्थान क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगी।



प्रधानाचार्य कपिल निम्बार्क ने खिलाड़ियों को सफलता के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आत्मविश्वास और मेहनत ही जीत की कुंजी है। कोच हिमांशु सुगन्धी व विवेक जोशी ने बताया कि टीम ने नियमित अभ्यास से उत्कृष्ट तैयारी की है।

विद्यालय परिवार और प्रबंध समिति ने खिलाड़ियों को विदाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। शाहपुरा क्षेत्र में यह टीम स्थानीय गर्व का विषय बनी हुई है।

# पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

भारतीय मानक ब्यूरो के निर्देशानुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शक्करगढ़ में शुक्रवार को पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 40 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रधानाचार्य रामेश्वर मीणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानक हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। प्रत्येक उपभोक्ता को बीआईएस केयर मोबाइल अनुप्रयोग के माध्यम से उत्पादों की प्रमाणिकता अवश्य जांचनी चाहिए और आईएसआई चिह्नित वस्तुएँ खरीदकर रसीद लेनी चाहिए। क्लब मार्गदर्शक गणपत शर्मा ने बीआईएस के उद्देश्यों, मानकीकरण, गुणवत्ता नियंत्रण और सोने की हॉलमार्किंग के विषय में जानकारी दी। निर्णायक मंडल में चंद्रप्रकाश गुप्ता, भरत मीणा, जितेंद्र सिंह और शिवशंकर नागर शामिल रहे। विजेता विद्यार्थियों अनुष्का शर्मा, पायल सेन, नंदनी कंवर तथा अंकित मीणा को पुरस्कार वितरित किए गए।




# संपर्क पोर्टल व योजनाओं की समीक्षा बैठक में कलेक्टर के निर्देश

## लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण करें अधिकारी - संधू

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों, संपर्क पोर्टल, ई-फाइल, ई-डाक प्रणाली और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।



कलेक्टर संधू ने कहा कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज सभी प्रकरणों का गुणवत्ता और समयसीमा का ध्यान रखते हुए त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने पीएचईडी, पंचायती राज और नगरीय निकाय विभागों को विशेष रूप से लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी सहित सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय पर पहुँचे, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने जोर दिया कि सभी अधिकारी जनसंतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रणजीत सिंह, एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, नगर विकास न्यास के ओएसडी चिमनलाल मीणा, एसडीएम अक्षत कुमार सिंह, निगम आयुक्त हेमाराम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पांच दिवसीय वीर तेजा मारवाड़ी खेल का मंचन

## तीसरे दिन तेजाजी महाराज द्वारा नागराज की रक्षा का दृश्य प्रस्तुत

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे के तेजाजी चौक में पांच दिवसीय वीर तेजा मारवाड़ी खेल का आयोजन तीसरे दिन हुआ। इस अवसर पर तेजाजी महाराज के जीवन के विभिन्न पात्रों का नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया गया, जिसमें रास्ते में अग्नि में जल रहे नागराज को तेजाजी महाराज द्वारा बचाना प्रमुख दृश्य रहा।



कार्यक्रम का आयोजन वीर तेजा कला मण्डल, सुरेश नट एंड पार्टी सलावटिया द्वारा किया गया। मंचन में शंकरलाल नट, कमलेश नट, उदयलाल, महेंद्र, मुकेश और अन्य कलाकारों ने भाग लिया।

गुरुवार को तेजाजी कमेटी के सदस्यों छोटू सुथार, कालू टेलर, डालू प्रजापत, कमलेश गाड़री सहित अन्य ने कलाकारों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सांवर वैष्णव ढेलाणा ने किया। आसपास के ग्रामीणों की बड़ी संख्या ने इस खेल का आनंद लिया।

# स्वर्णकार समाज में नवयुवकों का हुआ भव्य सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण ।**

**दिनेश पारीक ।** कस्बे में स्वर्णकार समाज द्वारा शुक्रवार को आयोजित सम्मान समारोह में समाज के नवयुवकों को उनकी जनसेवा और सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।



समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से हुई। समाज के वरिष्ठजनों ने नवयुवक मंडल अध्यक्ष रवि सोनी और टीम को साफा, माल्यार्पण और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

समारोह में समाज के विकास, शिक्षा प्रसार और सामूहिक विवाह जैसे जनहित कार्यों पर भी विचार-विमर्श किया गया। रवि सोनी ने कहा कि यह सम्मान जिम्मेदारी बढ़ाता है और निकट भविष्य में समाज के सहयोग से दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# बिगोद में हजरत अब्दुल रशीद कादरी हमदानी उर्स का आयोजन

## जायरीन चादर शरीफ व अकीदत के फूल अर्पित करेंगे

**भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद।**

भिश्ती की झुपड़िया में हजरत पीर सैय्यद अब्दुल रशीद कादरी हमदानी उर्फ अब्बा जी के उर्स का आयोजन शुक्रवार से शुरू हो गया। दरगाह पर झंडे की रस्म के साथ मदरसे के तलबाओं ने कुरान ख्वानी की और सलातो सलाम के साथ उर्स का शुभारंभ किया। उर्स के मुख्य कार्यक्रम 11 अक्टूबर शनिवार को दोपहर 2 बजे सदर बाजार से शुरू होंगे। इस दौरान चादर शरीफ का जलसा अनवर भाई कव्वाल बेंगू के साथ जामा मस्जिद होते हुए शाम 6 बजे अब्बाजी की दरगाह पर पहुंचकर अकीदतमंदों द्वारा चादर शरीफ और अकीदत के फूल अर्पित किए जाएंगे। वहीं, देर शाम अनवर भाई बेंगू द्वारा कलाम पेश किया जाएगा। इस अवसर पर सदर गफ्फार मोहम्मद, दरगाह कमेटी सदस्य मोहम्मद शाबिर रंगरेज, साबिर, शौकत मोहम्मद, मौलाना रियासत अली, रशीद मोहम्मद, राजु मोहम्मद, निसार मोहम्मद, सलमान, बुंदू भाई, इस्माइल मोहम्मद, मुराद, इशाक, चांद मोहम्मद, आजाद मोहम्मद, जमील भाई, रज्जाक भाई, तौफीक मोहम्मद, साहिल, फिरोज खान, शाहिद मोहम्मद, अब्बास अली, आसिफ मोहम्मद और सोहेल मोहम्मद उपस्थित रहे।



# मेवाड़ा समाज में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती की तैयारियाँ शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**

भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती समारोह की तैयारियाँ मेवाड़ा समाज में जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। 29 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए जोगणियां माताजी स्थित समाज धर्मशाला में शुक्रवार को कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष कन्हैयालाल मेवाड़ा ने की।




बैठक में निर्णय लिया गया कि धर्मशाला से जोगणियां माता मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। समाज के छात्र-छात्राओं को बोर्ड व अन्य परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा दो वयोवृद्ध समाजजन देवीलाल मेवाड़ा भोपतपुरा और उदयलाल मेवाड़ा टहला को 'समाजरत्न' सम्मान प्रदान किया जाएगा। भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन मंदिर के सौंदर्यीकरण पर भी चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित समाजजन थे- देवीलाल मेवाड़ा बेंगु, नन्दलाल मेवाड़ा लाडपुरा, रामस्वरूप मेवाड़ा पूर्व अध्यक्ष, बिजोलिया, घिसीलाल मेवाड़ा देदिया, सत्यनारायण मेवाड़ा उपाध्यक्ष, टहला, ललित मेवाड़ा कोषाध्यक्ष, कमलेश मेवाड़ा सचिव और अन्य लोग मौजूद रहे

## QUICK BITES

### करवा चौथ का पर्व उल्लासपूर्वक मनाया

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव)।** क़स्बे एवं आसपास के गांवों में करवा चौथ का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। अखंड सौभाग्य और पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए सुहागिनों ने व्रत रखा।

दिनभर व्रत रखने के बाद महिलाओं ने चंद्रमा की पूजा और अर्घ्य देकर व्रत खोला। बाजारों में खरीदारी का भी खासा उत्साह देखा गया। नवविवाहिता महिलाओं में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह रहा।

### करवा चौथ का पर्व उल्लासपूर्वक मनाया

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**

**जसवंत पारीक ।** कस्बे में सुहागिन महिलाओं ने शुक्रवार को पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए करवा चौथ का व्रत परंपरागत रूप से रखा।

सुहागिन महिलाओं ने दिनभर उपवास रखा और शाम को चौथ माता की पूजा-अर्चना करते हुए कहानियाँ सुनीं। इसके बाद चंद्रमा के दर्शन कर, पति का मुख देखकर मिट्टी के करवे से पानी पीकर व्रत खोला।

### सुहागिन महिलाओं ने श्रद्धा से रखा करवा चौथ का व्रत

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**



**( दिनेश पारीक)** कस्बे और आसपास के गांवों में अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु की कामना करते हुए सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया।

दिनभर उपवास रखने के बाद शाम को महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पूजा-अर्चना में समय बिताई। चंद्रमा के दर्शन कर और पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत खोला गया। इस अवसर पर महिलाएं एक-दूसरे को शुभकामनाएँ देती नजर आईं।

### साइबर सुरक्षा और आत्म-निर्भरता पर विशेष कार्यशाला आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



सोशियोनेस्ट इम्पैक्ट स्ट्रेटेजीज की न्यूरो शक्ति पायलट प्रोजेक्ट के तहत भीलवाड़ा के सरकारी विद्यालयों में 7 से 14 वर्ष की 100 से अधिक बालिकाओं के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में आत्म-जागरूकता, आत्मविश्वास, भावनात्मक संतुलन और साइबर सुरक्षा की समझ विकसित करना था।

महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किशनावतों की खेड़ी और पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बापूनगर में आयोजित सत्रों में छात्राओं ने खेल, कहानी और संवाद आधारित गतिविधियों के जरिए सीख ली कि कठिन परिस्थितियों में शांत दिमाग से निर्णय कैसे लिया जाए। संस्थापक डॉ. नित्या शर्मा ने सोशल मीडिया सतर्कता, व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपाय भी बताए।

सत्र के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। विद्यालय शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यशालाएँ बालिकाओं को आत्मनिर्भर और डिजिटल रूप से सुरक्षित बनाने में मददगार हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।